नवम्बर - मार्च 2023 - 24

वसुंधरा समाचार



साहित्य सिनेमा कला

जन वसुंधरा साहित्य फाउंडेशन



जयपुर स्टोर

Click on images with this logo to open an external link.

'वसुंधरा'

एक व्यापक सांस्कृतिक मंच है

साहित्य, कला, रंगमंच *और* सिनेमा *का!*

हमारे पवई (मुंबई) और **आदर्श नगर (जयपुर)** स्थित पुस्तक केन्द्रों में आप हिंदी, अंग्रेज़ी और मराठी की उत्कृष्ट पुस्तकें और पत्रिकाएँ खरीद और पढ़ सकते हैं। यहाँ आपको उपन्यास-कहानी, कविता और नाटक के अलावा सिनेमा, रंगमंच, यात्रा, दर्शन, धर्म, शायरी, हास्य-व्यंग, पर्यावरण, इतिहास, लैंगिक समानता, समसामयिक सामाजिक-राजनीतिक, भोजन, स्वास्थ्य आदि आदि पर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों द्वारा लिखित पुस्तकों का एक समृद्ध और विविध संग्रह मिलेगा, जिसमें क्लासिक्स के साथ-साथ नवीनतम पुरस्कृत पुस्तकें शामिल हैं। इन्हें आप हमारे पुस्तक केन्द्रों के अलावा व्हाट्सएप/वेबसाइट से घर बैठे भी मंगा सकते हैं।

हम पोस्टर भी स्टॉक करते हैं। जूनियर पाठकों के लिए हमारे विशेष खंड में सभी उम्र के बच्चों के लिए किताबें और गतिविधि पुस्तिकाएं मिलेंगी। एक नीति के तहत हम सभी पुस्तकों पर न्यूनतम छूट देने के अलावा समय-समय पर विशेष ऑफर भी घोषित करते हैं। यदि संयोगवश आपकी पसंद की कोई पुस्तक हमारे पास नहीं है तो हम उसे आपके लिए यथाशीघ्र मंगवाने की व्यवस्था करेंगे।

वसुंधरा मंच

'वसुंधरा' अपने केन्द्रों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कविता-कहानी पाठ, संगीत, चर्चाओं आदि का भी आयोजन करती हैं। जयपुर केंद्र में स्थित पंजीकृत सांस्कृतिक सोसाइटी 'वसुंधरा मंच' विविध सांस्कृतिक आयोजनों के अलावा अपने सदस्यों के लिए भारत और विश्व की उत्कृष्ट फिल्मों का प्रदर्शन भी करती है। इन गतिविधियों की ताज़ा जानकारी आप 'वसुंधरा समाचार' से प्राप्त कर सकते हैं।

अगर पुस्तकों और सांस्कृतिक गतिविधियों में आपकी रुचि है तो 'वसुंधरा' आएं और इन प्रगतिकामी प्रयासों में हमारे हिस्सेदार बनें। हम आपको **'वसुंधरा बुक क्लब'** और **'वसुंधरा मंच'** का सदस्य बनने के लिए भी आमंत्रित करते हैं।

आपकी जानकारी के लिए
'जन वसुंधरा साहित्य फाउंडेशन'
एक **गैर-लाभकारी** संस्था है।

Introduction

'Vasundhara' is a multi-locational cultural forum dedicated to literature, arts, theater and cinema.

At our innovative book stores located at **Powai (Mumbai)** and **Adarsh Nagar (Jaipur),** we **stock books in Hindi, English and Marathi** on diverse subjects including fiction, poetry, drama, philosophy, religion, travel, environment, recreation, history, current affairs, gender equality, health, food etc. etc. by international authors as well as writers from Indian languages, including classics as well as current prize winning titles.



Come have a browse, relax and enjoy our cosy little piece of haven!

We offer attractive discounts on all books, offer special offers from time to time and also deliver books at your doorstep through our website. Our section for junior readers offers books and activity books for children of all ages. **If your desired title is not available with us, we will arrange to procure it for you as soon as possible.**

If you have a passion for books and related cultural activities, do join us and participate in activities of 'Vasundhara'. We also invite you to take membership of 'Vasundhara Manch' and 'Vasundhara Book Club'.

'Vasundhara' is also engaged in organizing cultural programmes, literature readings, talks and music related activities. Our registered society **'Vasundhara Manch'** also arranges **film screenings of artistic world and Indian cinema** at Jaipur. Our bulletin 'Vasundhara Samachar' details these activities.

'Jan Vasundhara Sahitya Foundation' is a **non-profit organization.** All donations to Jan Vasundhara Sahitya Foundation qualify for Income Tax rebate under Section 80G of Income Tax.

साल '23 - वसुंधरा समाचार

April - Issue #1

- Featured Author : ***Anne Ernaux***
- Featured Movie : ***All That Breathes (2023)***



May - Issue #2

- पंकज सुबीर का अंदाज़-ए बयाँ
- "Yay Dil Mange More"

  Glimpses of Sahir Ludhianavi's life, through his lyrics and songs

July - Issue #3

मोरछले उत्सव विशेष

Screenings :

1. *Sir Madam Sarpanch*
2. *Widow of Silence*
3. *Walking with the Wind*

September - Issue #4

Screenings :

1. *Vertigo (1958)*
2. *The Song of the Scorpions (2023)*
3. *The President (2014)*
4. हद - अनहद
5. *The Day I Became a Woman*

Articles :

- हिंदी दिवस विशेष

  "ताकि दूरी पाटी जा सके" - आज की चुनौतियाँ और हिंदी विद्यार्थियों द्वारा हमें प्राप्त प्रतिक्रियाएं
- आनंद के देव - **देव आनंद**
- शैलेंद्र जनशताब्दी विशेष - शताब्दी का जन गीतकार
- **"दो शाम कुमार अम्बुज के नाम"** कार्यक्रम

प्रिय **जन वसुंधरा साहित्य फाउंडेशन** और **वसुंधरा मंच सदस्यों**

वर्ष 2023 में हमनें विश्व सिनेमा श्रेणी में जितेंद्र भाटिया जी के कलेक्शन से कई बेहतरीन फिल्में देखीं और निर्देशक प्रवीण मोरछले जी से भी डिजिटल पर्दे पर मिले। तो साहित्य की दुनियां के ज़रूरी कवि कुमार अम्बुज के कविता पाठ का भी आनंद लिया और विद्यार्थियों व लेखकों के साथ साहित्यिक बातचीत के कार्यक्रम भी रखे। ऐसे ही ढ़ेरों कार्यक्रम वसुंधरा मंच पर आपकी सहयोग से सार्थक होते गए।

हालांकि लिस्ट लंबी है जिसे यहाँ रख पाना सम्भव नहीं और मुझे लगता है रखना जरुरी भी नहीं, चूँकि इन कार्यक्रमों का आनंद आपने और हमनें एक साथ वसुंधरा पर ही लिया है। और समय समय पर आपकी टिप्पणियों से भी लाभान्वित हुए हैं। हम आपके द्वारा स्नेह स्वरूप भेजे लेखों, टिप्पणियों को वसुंधरा समाचार में एकत्र करते रहें और आगे भी इन्हें शामिल करते रहेंगे।

वसुंधरा मंच पर साहित्यिक गतिविधियों में

अब नववर्ष से जन-वसुंधरा साहित्य फाउंडेशन में वाचनालय की शुरुआत होने जा रही है। जहाँ साहित्य प्रेमी और साहित्य विद्यार्थियों हेतु पुस्तक पढ़ने की सुविधा होगी। साथ ही वसुंधरा पुस्तक केंद्र से हिंदी व अंग्रेज़ी की पत्रिकाओं और कहानी, उपन्यास,नाटक, संस्मरण, यात्रा वृतांत आदि सभी विधाओं की पुस्तकें प्राप्त भी की जा सकेंगी।

नोटः शोधार्थी/ साहित्य विद्यार्थी हमें साहित्य पाठ्यक्रम भेज विशेष छूट पर पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं।

~चेतना शर्मा, संस्था प्रधान

Vasundhara Bookstore

602, Gateway Plaza, Hiranandani Garden, Powai,
Mumbai – 400076

Jan Vasundhara Sahitya Foundation

101, Varuni Apartments, 285-286 Adarsh Nagar,
Jaipur – 302004

डिजिटल दुनियां

www.vasundharabooks.com

vasundhara.prakashan@gmail.com